नामांक Roll No.

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages :

**10 + World Map +**

**India Map + Rajasthan Map**

# SS-14-Geog.

## भूगोल (GEOGRAPHY)

## उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2021

**समय : 3¼ घण्टे**

**पूर्णांक : 56**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

**GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :**

OFFICE COPY

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

(2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

All the questions are compulsory.

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

Write the answer to each question in the given answer-book only.

[ Turn over

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

(5) प्रश्न-पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतरण में किसी प्रकार की त्रुटि/अंतर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को सही मानें ।

If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

(6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

Write down the serial number of the question before attempting it.

(7) प्रश्नों का अंक भार निम्नानुसार है ।

Weightage of marks for the question is as follows.

| खण्ड | प्रश्न की संख्या | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|---|
| खण्ड-अ (A) | 1 (i to x), 2 to 11 | 20 | 1 | 20 |
| खण्ड-ब (B) | 12 to 15 | 4 | 2 | 8 |
| खण्ड-स (C) | 16 to 19 | 4 | 3 | 12 |
| खण्ड-द (D) | 20 to 21 | 2 | 4 | 8 |
| खण्ड-य (E) | 22 to 23 | 2 | 4 | 8 |

OFFICE COPY

(8) प्रश्न क्रमांक **20** से **21** मानचित्र कार्य से संबंधित है और प्रत्येक **4** अंक का है ।

Question No. 20-21 are related to map-work carrying 4 marks each.

(9) विश्व, भारत एवं राजस्थान के उपलब्ध कराए गए रेखा मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी करें ।

Attach the given outline maps of World, India and Rajasthan with the answer-book.

## खण्ड – अ

## SECTION – A

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (i से x तक) :
Write the answer of following multiple choice questions (From i to x) in the given answer book.

(i) कितने वर्ष से अधिक आयु के लोगों की गणना साक्षरता निर्धारण में की जाती है ?

(अ) 7 वर्ष (ब) 9 वर्ष
(स) 10 वर्ष (द) 11 वर्ष

What is the age of persons, counted in literacy assessment ? 1

(A) 7 years (B) 9 years
(C) 10 years (D) 11 years

(ii) लौह-इस्पात उद्योग एक व्यवसाय है

(अ) प्राथमिक व्यवसाय (ब) द्वितीयक व्यवसाय
(स) तृतीयक व्यवसाय (द) चतुर्थक व्यवसाय

Iron-steel Industry is an occupation of 1

(A) Primary occupation (B) Secondary occupation
(C) Tertiary occupation (D) Quaternary occupation

(iii) रेफ्रिजरेटर व एयर कन्डीशनर्स के अधिकाधिक प्रयोग से पर्यावरण में कौन सी गैस की मात्रा बढ़ रही है ?

(अ) क्लोरोफ्लुओरो कार्बन (ब) कार्बन डाईऑक्साइड
(स) मिथेन (द) नाइट्रस ऑक्साइड

OFFICE COPY

The amount of which gas is increasing in the environment due to more and more use of Refrigerators and Air conditioners ? 1

(A) Chlorofluoro carbon (B) Carbon dioxide
(C) Methane (D) Nitrous oxide

(iv) भारत की वर्ष 2011 की जनगणना में सर्वाधिक व न्यूनतम जनघनत्व वाले राज्यों का जोड़ा है

(अ) बिहार – अरुणाचल प्रदेश (ब) बिहार – असम
(स) झारखण्ड – अरुणाचल प्रदेश (द) पश्चिम बंगाल – केरल

The pair of states in India having highest and lowest density of population in census of 2011 - 1

(A) Bihar – Arunachal Pradesh
(B) Bihar – Assam
(C) Jharkhand – Arunachal Pradesh
(D) West Bengal – Kerala

(v) एशिया का प्रथम ग्रीन फिल्ड एयरपोर्ट कहाँ है ?

(अ) दिल्ली (ब) हैदराबाद

(स) मुम्बई (द) कोलकाता

Where is the first green field airport of Asia ? 1

(A) Delhi (B) Hyderabad

(C) Mumbai (D) Kolkata

(vi) राजस्थान व मध्य प्रदेश की संयुक्त परियोजना कौन सी है ?

(अ) चम्बल परियोजना (ब) इन्दिरा गांधी परियोजना

(स) माही बजाज सागर परियोजना (द) व्यास परियोजना

Which is the joint project of Rajasthan and Madhya Pradesh ? 1

(A) Chambal Project (B) Indira Gandhi Project

(C) Mahi Bajaj Sagar Project (D) Vyas Project

(vii) राजस्थान में सेज़ (SEZ) की स्थापना किसके विकास हेतु की गई है ?

(अ) औद्योगिक विकास (ब) कृषि विकास

(स) परिवहन विकास (द) शैक्षिक विकास

The SEZ in Rajasthan was established to develop - 1

(A) Industrial development

(B) Agricultural development

(C) Transportation development

(D) Educational development

OFFICE COPY

(viii) "एन्थ्रोपो-ज्योग्राफी" पुस्तक के रचयिता कौन हैं ?

(अ) रेटजेल (ब) विडाल-डी-ला-ब्लाश

(स) एलन सैम्पल (द) हंटिंगटन

Who is the writer of "Anthropogeography" ? 1

(A) Ratzel (B) Vidal-de-la-Blache

(C) Ellen Sample (D) Huntington

(ix) "गौंड" शब्द का अर्थ है

(अ) मैदान से (ब) बर्फ से

(स) पहाड़ी से (द) मरुस्थल से

The word "Gond" is concerned with - 1

(A) Plane (B) Cold

(C) Hill (D) Desert

(x) राजस्थान के किस स्थान का संगमरमर विश्व प्रसिद्ध है ?

(अ) राजसमंद (ब) मकराना

(स) जालौर (द) किशनगढ़

Which place of Rajasthan is world famous for marble ? 1

(A) Rajsamand (B) Makrana

(C) Jalore (D) Kishangarh

2. उस जनजाति का नाम लिखिए जिसका संबंध "चिमाता" व "दजिया" से है ।
Write the name of the tribe concerned with "Chimata" and "Dazia". 1

3. "थारपारकर" क्या है तथा इसका संबंध राजस्थान के किस क्षेत्र से है ?
What is "Tharparkar" and which region of Rajasthan is related with it ? ½ + ½ = 1

4. स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना भारत के किन चारों महानगरों को जोड़ती है ?
The Golden Quadrilateral Project connects which four metropolitan cities of India ? ¼ × 4 = 1

5. लिंगानुपात निकालने का सूत्र लिखिए ।
Write the formula to calculate sex-ratio. 1

6. ग्रामीण अधिवासों का तीर प्रतिरूप किन भौगोलिक क्षेत्रों में विकसित होता है ?
In which geographical areas does the rural settlement arrow pattern develop ? 1

OFFICE COPY

7. दो प्राथमिक व्यवसायों के नाम लिखिए ।
Write name of any two primary occupations. ½ + ½ = 1

8. एशिया का सबसे बड़ा सुपर जिंक स्मेल्टर संयंत्र राजस्थान के कौन से जिले में स्थापित किया गया है ?
In which district of Rajasthan has the largest ever in Asia super zinc smelter plant been set up ? 1

प्रश्न संख्या **9** से **11** में रिक्त स्थान की पूर्ति करते हुए उत्तर-पुस्तिका में लिखिए –

Fill in the blanks of questions no. **9** to **11** in the given answer book.

9. पूर्वी भारत में की जाने वाली स्थानान्तरित कृषि को ____ के नाम से जानते हैं ।
Shifting agriculture, practiced in the eastern states in India, is known as _____. 1

10. जनांकिकीय संक्रमण की ____ अवस्था में उच्च जन्म दर व उच्च मृत्यु दर पायी जाती है ।

Both high birth and death rate are found in the _____ stage of demographic transition. 1

11. एस्किमो प्रजाति द्वारा प्रयुक्त चमड़े से बनी एक प्रकार की नाव ____ कहलाती है ।

Boat made from skin and used by Eskimos is called _____. 1

## खण्ड – ब

## SECTION – B

12. भारत में एलुमिनियम उत्पादन करने वाली चार प्रमुख कम्पनियों का नाम लिखिए ।

Write the name of four major aluminium producing companies in India. ½ × 4 =2

13. भारत में जनसंख्या वृद्धि के कोई दो सामाजिक–आर्थिक प्रभाव बताइए ।

Write any two Socio-Economic consequences of population growth. 1 + 1 = 2

14. सुमेलित कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए :

| देश | घास के मैदान |
|---|---|
| (अ) उत्तरी अमेरिका | (I) पम्पास |
| (ब) अर्जेन्टाइना | (II) प्रेयरीज |
| (स) दक्षिणी अफ्रीका | (III) डाउन्स |
| (द) ऑस्ट्रेलिया | (IV) वेल्ड्स |

Match the following and rewrite in answer book : ½ × 4 = 2

| Country | Grasslands |
|---|---|
| (A) North America | (I) Pampas |
| (B) Argentina | (II) Prairies |
| (C) South Africa | (III) Downs |
| (D) Australia | (IV) Welds |

15. जनसंख्या संरचना के अध्ययन में साक्षरता के महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।

Highlight the importance of literacy in the study of population structure. 2



OFFICE COPY

## खण्ड – स

## SECTION – C

16. "मैं एक शक्कर (चीनी) बनाने का कारखाना लगाना चाहता हूँ ।" आप इस संदर्भ में इस उद्योग के स्थानीयकरण के कौन–कौन से कारकों पर विचार करने की सलाह देंगे ?

"I want to set up a sugar industry." In this context, what will be your suggestions to consider the localization factors of this industry ? **3**

**अथवा/OR**

किसी क्षेत्र में हवाई अड्डे की स्थापना की जानी है । इसके लिए अनुकूल किन्हीं तीन दशाओं को बताइए ।

An airport is to be developed in an area. Write any three favourable conditions for this. **1 × 3 = 3**

17. भारत में लिंगानुपात कम होने के तीन कारण बताइए ।

What factors are responsible for the lowering sex-ratio in India ? **1 × 3 = 3**

**अथवा/OR**

भारत में जनसंख्या वितरण को नियंत्रित करने वाले तीन भौतिक कारकों की समीक्षा कीजिए ।

Review the three physical factors that control population distribution in India. **1 × 3 = 3**

OFFICE COPY

18. अम्लीय वर्षा के तीन प्रभाव बताइए ।

Write three effects of Acid rain. **1 × 3 = 3**

**अथवा/OR**

मृदा प्रदूषण से होने वाली तीन हानियाँ बताइए ।

Write three harmful effects of soil pollution. **1 × 3 = 3**

19. भारत में मिलने वाले ग्रामीण अधिवासों के किन्हीं तीन प्रतिरूपों को संक्षिप्त में समझाइए ।

Explain, in brief, any three pattern of rural settlement in India. **1 × 3 = 3**

**अथवा/OR**

नगरीय अधिवासों की तीन समस्याएँ बताइए ।

Mention three problems of urban settlements. **1 × 3 = 3**

## खण्ड – द

## SECTION – D

20. दिए गए विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नांकित लौह–इस्पात उत्पादक केन्द्रों को अंकित कीजिए :

(i) शिकागो (ii) जोहान्सबर्ग

(iii) मैग्नीटोगोर्स्क (iv) शंघाई

On the given outline map of the World mark the location of the following Iron-Steel producing areas :

(i) Chicago (ii) Johannesburg

(iii) Magnitogorsk (iv) Shanghai

1 × 4 = 4

अथवा/OR

दिए गए विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नांकित सघन जनसंख्या वाले देशों को दर्शाइए :

(i) पाकिस्तान (ii) श्रीलंका

(iii) बांग्लादेश (iv) नेपाल

Mark the location of the following densely populated countries on the given outline map of the World :

(i) Pakistan (ii) Sri Lanka

(iii) Bangladesh (iv) Nepal

1 × 4 = 4

21. (अ) दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में निम्नांकित चीनी उद्योग केन्द्रों को दर्शाइए :

(i) बूंदी (ii) सूरत

(iii) गया (iv) शिमोगा

On the given outline map of India mark the location of the following Sugar Industry Centres :

(i) Bundi (ii) Surat

(iii) Gaya (iv) Shimoga

½ × 4 = 2

अथवा/OR

दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में निम्नांकित वस्त्र उद्योग केन्द्रों को दर्शाइए :

(i) भीलवाड़ा (ii) बड़ोदरा

(iii) कोयम्बटूर (iv) वाराणसी

On the given outline map of India mark the location of the following cotton textile centres :

(i) Bhilwara (ii) Vadodara

(iii) Coimbatore (iv) Varanasi

½ × 4 = 2

OFFICE COPY

(ब) दिए गए राजस्थान के रेखा मानचित्र में निम्नांकित खनिज भण्डारण वाले जिलों को दर्शाइए :

(i) जोधपुर (ii) सीकर

(iii) अजमेर (iv) उदयपुर

Mark the location of the following districts with minerals reserve on the given outline map of Rajasthan :

(i) Jodhpur (ii) Sikar

(iii) Ajmer (iv) Udaipur **½ × 4 = 2**

**अथवा/OR**

दिए गए राजस्थान के रेखा मानचित्र में निम्नांकित जिलों को दर्शाइए :

(i) जालौर (ii) पाली

(iii) राजसमंद (iv) चित्तौड़गढ़

Mark the location of the following districts on the given outline map of Rajasthan :

(i) Jalore (ii) Pali

(iii) Rajsamand (iv) Chittorgarh **½ × 4 = 2**

## खण्ड – य

## SECTION – E

22. मानव भूगोल के विषय क्षेत्र के प्रमुख पहलुओं का संक्षिप्त विवरण दीजिए ।

Describe, in brief, the main aspects of subject-matter of human geography. **4**

OFFICE COPY

**अथवा/OR**

एस्किमो जनजाति का वर्णन निम्नानुसार कीजिए :

(i) निवास क्षेत्र

(ii) आखेट

(iii) वातावरण समायोजन

Describe "Eskimos Tribe" as following :

(i) Habitat

(ii) Hunting

(iii) Environmental Adjustment **1 + 2 + 1 = 4**

**अथवा/OR**

गौंड जनजाति का निम्न बिन्दुओं के आधार पर वर्णन कीजिए :

(i) निवास क्षेत्र

(ii) आखेट व भोजन

(iii) आधुनिकता का प्रभाव

Describe "Gond Tribe" as following :

(i) Habitat

(ii) Hunting and Food

(iii) Impact of Modernization **1 + 2 + 1 = 4**

23. चम्बल परियोजना का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए :

(i) परिचय

(ii) बांध

On the basis of the following factors describe the Chambal project :

(i) Introduction

(ii) Dams

1 + 3 = 4

**अथवा/OR**

राजस्थान में सीमेंट उद्योग की निम्न बिन्दुओं के आधार पर विवेचना कीजिए :

(i) स्थानीयकरण कारक

(ii) उद्योग के केन्द्र

(iii) उद्योग के तीव्र विकास में बाधाएँ

Analyse cement industry in Rajasthan on the basis of the following points :

(i) Localisation factors

(ii) Centres of the industry

(iii) Problems in rapid growth of the industry

1 + 2 + 1 = 4

OFFICE COPY

**अथवा/OR**

राजस्थान में गरासिया जनजाति का वर्णन निम्नानुसार कीजिए :

(i) निवास क्षेत्र

(ii) सामाजिक जीवन

(iii) अर्थव्यवस्था

Describe "Garasiya Tribe" in Rajasthan as following :

(i) Habitat

(ii) Social life

(iii) Economy

1 + 2 + 1 = 4

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |


SS-14-Geog.

# भूगोल (GEOGRAPHY)

## उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2021

यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here

### Outline Map of the World



नामांक Roll No.


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**SS-14-Geog.**

# भूगोल (GEOGRAPHY)

## उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2021

### Outline Map of India



OFFICE COPY

यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here


नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

SS-14-Geog.

# भूगोल (GEOGRAPHY)
## उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2021

Outline Map of Rajasthan




यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here